# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631

9309255545

6351581818



वर्ष-2 अंक-9 सांगवाड़ा, शुक्रवार, 23 सितम्बर, 2022 भाषा : हिन्दी ई-पेपर अवधिः (वार्षिक) मूल्य-10 रु. पृष्ठ-1


## जीप ने बाइक को मारी टक्कर, हादसे में बाइक सवार की युवक की मौत, जीप चालक हुआ फरार

**आसपुर।** डूंगरपुर जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र में गणेशपुर रोड पर क्रूजर जीप ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में घायल बाइक सवार युवक की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। इधर हादसे के बाद जीप चालक फरार हो गया था। जिसकी दोवडा थाना पुलिस तलाश कर रही है। डूंगरपुर जिले के दोवड़ा थाने के हेड कांस्टेबल जीवनलाल पाटीदार ने बताया की सोमा कलासुआ मीणा निवासी रामगढ़ फला देवतालाब ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में सोमा ने बताया की उसका बेटा जितेंद्र कलासुआ मीणा (21) कल 21 सितंबर को डूंगरपुर काम से आया था। रात के समय बाइक लेकर वापस घर आ रहा था। गणेशपुर से आगे निकलते ही रास्ते में पेट्रोल पंप से कुछ दूर सामने से तेज रफ्तार आ रही क्रूजर जीप ने टक्कर मार दी। घटना के बाद क्रूजर जीप का ड्राइवर मौके से भाग गया। टक्कर से जितेंद्र के हाथ पैर, सिर और शरीर पर कई जगह चोटें आई। पीछे से आ रहे उसके जीजा जी देवीलाल और बंशीलाल ने उसे गंभीर हालत में डूंगरपुर हॉस्पिटल लेकर आए। इलाज के दौरान आधी रात को जितेंद्र ने दम तोड़ दिया। इसके बाद शव को हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया गया। घटना की सूचना पर सुबह दोवड़ा थाने से हेड कांस्टेबल जीवनलाल, खुशपाल सिंह डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचे। जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही पिता की रिपोर्ट पर क्रूजर जीप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# 75 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनरों का भागवत गीता भेंटकर सम्मान किया

## पाटीदार पेंशनर्स समाज का अष्टम वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम





**सागवाड़ा।** पाटीदार पेंशनर्स समाज का अष्टम वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हुआ। जिसमें सर्वप्रथम समाज के पुरोधा स्व.धनेश्वरजी पाटीदार (RAS) घाटा का गांव की पुण्यतिथि पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। स्वागत उद्बोधन गोविंदराम विराट ने दिया। बैठक में 75 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनरो का शाल ओढ़ाकर व भागवत गीता भेंटकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि भूपेंद्र पंड्या थे।

मुख्यवक्ता आचार्य कमलेश शास्त्री ने बताया कि समाज के लिए जहर पीना अमृत के समान है तथा जहर पीने के बाद व्यक्ति शिव बन जाता है, शिव सदा कल्याणकारी होता है। संस्कारों के बिना किसी भी समाज का उदय नहीं होता है। विशिष्ट अतिथि जीवनलाल घाटा का गांव के द्वारा पेंशनरो से संबंधित समस्याओं के बारे में अपने विचार रखे एवं गोविंदराम दिवड़ा छोटा के द्वारा प्रत्येक पेंशनरो को आइटीआर भरने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विद्यानगर चेयरमैन डायालाल विकासनगर ने बताया कि हर व्यक्ति को समर्पण भाव से समाज के उत्थान हेतु सहयोग देना चाहिए। मैनेजिंग ट्रस्टी गोपाल जसेला ने बताया कि समाज के उत्थान में पेंशनरों की अहम भूमिका है।

आभार रविशंकर घाटा का गांव ने व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का संचालन पेशनर्स समाज के महामंत्री हरीविठ्ठल सिलोही ने किया।

## जैसलमेर से डूंगरपुर पहुंची क्वालिटी इश्योरेंस की टीम, डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सभी वार्डो में घूमकर देखी व्यवस्थाये

**डूंगरपुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में व्यवस्थाओं का ज्याजा लेने के लिए जैसलमेर से क्वालिटी इश्योरेंस की टीम आज डूंगरपुर पहुंची। इस दौरान 3 सदस्यों की टीम ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सभी वार्डो में घूमकर साफ सफाई के साथ ही मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। टीम अस्पताल में मिली कमियों की रिपोर्ट राज्य सरकार को सौपेगी। वही मिली कमियों को दूर करने के प्रयास किये जायेंगे। सरकार की ओर से प्रदेश के सभी अस्पतालों में मिलने वाली सुविधाओं को क्वालिटी की जांच के कायाकल्प प्रोग्राम चलाया जा रहा है। इसी के तहत जैसलमेर के पीएमओ डॉ जेआर पंवार, डीपीएम अजय सिंह कड़वासरा और बीसीएमओ डॉ नारायण की टीम आज डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के अस्पताल पहुंची। इस दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुप्रीटेंडेंट डॉ महेंद्र डामोर, डिप्टी कंट्रोलर डॉ महेंद्र परमार से मुलाकात की। इसके बाद एक -एक कर अस्पताल के सभी वार्डो का निरीक्षण किया । टीम ने सबसे पहले अस्पताल के ओपीडी, निशुल्क दवा केंद्र, निःशुल्क जांच केंद्र का विजिट किया। दवा के केंद्र पर सभी जरूरी दवाईयों का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश टीम ने दिए । वही इस दौरान टीम ने बच्चो के वार्ड, आईसीयू वार्ड का भी निरीक्षण किया । वही डेंटल विभाग के साथ मेडिकल वार्ड सेकंड यूनिट का जायजा लिया। वार्ड में सभी बेड पर गुलाबी रंग की नई बेड शीट लगी हुई थी। जबकि पूरा वार्ड खाली पड़ा था। वार्ड को देख टीम ने सवाल पूछा तो अधीक्षक डॉ महेंद्र डामोर ने वार्ड को नई बिल्डिंग में शिफ्टिंग के बारे में भी जानकारी दी। इसके बाद टीम ने एमसीएच बिल्डिंग का निरीक्षण किया। एमसीएच ने गायनिक वार्ड, पोस्ट ऑपरेटिंग वार्ड समेत एसएनसीयू और सभी वार्डो का जायजा लेने के साथ मरीजों को दी जा रही सुविधाओ की जानकारी ली। ये टीम निरीक्षण के दौरान की सभी रिपोर्ट बनाकर विभाग ओर सरकार को सौंपेगी। वही निरीक्षण में मिली कमियों को दूर किया जाएगा।

## मुत्थुड गोल्ड फाइनेंस कंपनी के ऑफिस में आज अचानक आग लगी

**डूंगरपुर।** शहर के कॉलेज रोड पर स्थित मुत्थुड गोल्ड फाइनेंस कंपनी के ऑफिस में आज अचानक आग लग गई। आग से ऑफिस के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, फर्नीचर और कुछ दस्तावेज जल गए वहीं समय पर आग बुझा दिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। फायर ऑफिसर बाबूलाल चौधरी ने बताया कि कॉलेज रोड पर स्थित एक कांपलेक्स की दूसरी मंजिल पर संचालित मुत्थुड फाइनेंस कंपनी के ऑफ़िस से धुआं निकलने की सूचना मिली जिस पर फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां, कोतवाली थाना पुलिस ओर मुत्थुड फाइनेंस के कर्मचारी भी मौके पर पहुची। ऑफिस से धुआं उठता देख मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो चुकी थी। फायर कार्मिको ने तत्परता से ऑफिस का दरवाजा तोड़ा ओर अंदर जाकर पानी की सहायता से आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक ऑफिस का फर्नीचर, कुछ दस्तावेज ओर पंखे सहित कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल चुके थे। फायर ऑफिसर बाबूलाल का कहना है कि कॉम्प्लेक्स के ग्राउंड फ्लोर पर एक बैंक और एक उपभोक्ता बाजार है वही पड़ोस में कपड़े की दुकान है।

ऐसे में अगर आग बुझाने में थोड़ी भी देरी हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा है। फिलहाल मुत्थुड फाइनेंस की ओर से आग से हुए नुकसान का आंकलन करवाया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री गहलोत 25 या 26 सितंबर को नामांकन करेंगे दाखिल

**जयपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव को लेकर नया अपडेट सामने आया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरेंगे। मुख्यमंत्री गहलोत 25 या 26 सितंबर को नामांकन दाखिल करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव को लेकर राहुल गांधी के साथ अशोक गहलोत की कोच्चि में महत्वपूर्ण बैठक हुई। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक के बाद गहलोत राहुल गांधी के साथ यात्रा में पहुंचे। अब कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में राहुल के साथ पदयात्रा कर रहे। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद गहलोत का बयान आया। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि एक पद को लेकर राहुल गांधी ने ठीक बात कही। कांग्रेस अध्यक्ष को पूरे देश में काम करना होता है। मैं अपने लोगों से दूर कैसे हो सकता हूं? मैं राजस्थान से दूर कभी नहीं रहूंगा।

## कड़ाणा जमीन मामले में 2 बिचौलिए गिरफ्तार, फर्जी रजिस्ट्री में बने थे गवाह, फर्जी लेटर से बेची थी जमीन

### ज़मीन ख़रीदने वाला हरी सिंह और एक गवाह अब भी पुलिस की पकड़ से दूर



**सागवाडा।** सागवाड़ा में कड़ाणा विभाग की बेशकीमती जमीन शासन उपसचिव के फर्जी लेटर से हड़पने और फिर बेचने के मामले में पुलिस ने 2 बिचोलियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ही बिचौलिए जमीन रजिस्ट्री में भी गवाह बने थे। पुलिस अब मामले में दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।थानाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया की मामले में जांच करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। थानाधिकारी के साथ सीआई अनिल देवल, हेड कॉन्स्टेबल हरिसिंह, भूपेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, सागर, भानुप्रताप सिंह, हेमेंद्र सिंह की टीम छानबीन में जुट गई। पुलिस ने कडाणा की जमीन के सौदेबाजी में शामिल रहे। आरोपी हबीब (44) पुत्र अब्दुल सत्तार घांची निवासी घांची वाड़ा सागवाड़ा ओर मकबूल (49) पुत्र सफी मोहम्मद शेख निवासी अमन नगर इंद्रा कॉलोनी सागवाड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ही आरोपी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री में भी गवाह बने थे। मामले में पुलिस ने दो दिन पहले ही आरोपी आरोपी नजमा पत्नी अब्दुल अजीज घांची और फातेमा पत्नी अब्दुल सत्तार घांची निवासी घांचीवाड़ा सागवाड़ा को गिरफ्तार किया था। इधर इस पूरे प्रकरण में जब तक ज़मीन ख़रीदने वाला हरिसिंह पुलिस की पकड़ में नहीं आता है तब तक कोई ख़ुलासा हो ऐसी संभावना कम ही बनी हुई है नजमा और फ़ातिमा का भी यही कहना है कि उनके पास तो हरिसिंह आया था ज़मीन ख़रीदने के लिए इसके अलावा उन्हें कोई जानकारी नहीं है हालाँकि गुरुवार को भगोड़ा पुलिस ने जिन 2 बिचौलियों को पकड़ा है उनसे पूछताछ करने पर कुछ तथ्य सामने आ सकते हैं। इस पूरे मामले में अब तक सागवाडा तहसीलदार, गिरदावर और गोवाडी के पटवारी परबॉडी गाज गिर चुकी है।

## पीसीसी सदस्य मनोनित होने पर भगोरा का हुआ स्वागत



**सीमलवाड़ा।** कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रदेश पीसीसी सदस्य मनोनित होने पर पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा का भव्य स्वागत किया गया। सीमलवाड़ा कस्बे में मांडली तिराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नवनिर्वाचित पीसीसी सदस्य पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, मनोहर सिंह चौहान का भव्य स्वागत किया गया। साथ ही बजट घोषणा अनुसार सीमलवाडा बाईपास रोड को लेकर वित्तीय स्वीकृति जारी होने पर भी कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त तरीके से खुशी जताई है। इस दौरान जिला महामंत्री मुश्ताक अहमद पठान, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पाटीदार, हबीब भाई, पंचायत समिति सदस्य महेंद्र भगोरा, सरपंच नाना लाल रोत, अरविंद डामोर, प्रेमचंद भगोरा, धर्मेंद्र भगोरा, संगठन महामंत्री सुरेश भोई, संजय कलासुआ, पूंजीलाल भगोरा, विमल प्रकाश डोडियार, मोहन लाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धार्मिक उन्माद देश के लिए घातकः राहुल

**कुरुकुट्टी (केरल)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि धार्मिक उन्माद कोई भी फैलाए और यह लहर कहीं से भी आए, वह देश को तोड़ने वाली और राष्ट्र के लिए घातक होती है। गांधी ने कन्याकुमारी से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा के 15वें दिन यात्रा के 325 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सांप्रदायिकता का माहौल पैदा करके हिंसा और नफरत फैलाना बहुत बड़ा जुल्म है और यह जुल्म देश को तोड़ने वाला होता है, इसलिए इस अपराध को कोई भी करें उसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, हम ऐसी शक्ति से लड़ रहे हैं जिसके पास पर्याप्त धन है, पर्याप्त ताकत है और जनता को अपने हिसाब से मोड़ने की शक्ति है लेकिन भारत जोड़ो यात्रा में देश की जनता को हमें इन ताकतों के खिलाफ खड़ा करके एकजुट करना है। यह पूछने पर की क्या भारतीय जनता पार्टी शासित कर्नाटक में भी केरल की तरह यात्रा को सफलता मिलेगी, उन्होंने कहा,यात्रा को केरल में अत्यधिक सफलता मिलने से वह बहुत उत्साहित हैं लेकिन यात्रा की सफलता और इसकी शुरूआत कुछ आइडिया पर ही तय थी और उसी पर निर्भर भी करती है।

# सीएम बाल गोपाल योजना, सरकार की ओर से 7 करोड़ रुपए का मिला बजट

## 2 लाख से अधिक बच्चो को मिलेगा सप्ताह में दो दिन लाभ, 2 अक्टूबर से शुरू हो सकती है योजना

**डूंगरपुर।** मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत सीएम बाल गोपाल योजना 2 अक्टूबर से शुरू हो सकती है। राज्य सरकार ने डूंगरपुर जिले के शिक्षा विभाग को योजना के क्रियान्वयन के लिए 7 करोड़ रूपये का बजट का आवंटन भी कर दिया है। सरकार की सीएम बाल गोपाल योजना से डूंगरपुर जिले के 2 लाख से अधिक बच्चो को सप्ताह में दो दिन लाभ मिलेगा। जिसके लिए एक लाख 24 हजार किलो दूध पाउडर की आवश्यकता होगी। राजस्थान में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने अन्नपूर्णा दूध योजना शुरू की थी। इसके बाद कांग्रेस सरकार आने पर इस योजना को बंद कर दिया गया था। लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट 2022 में पुनः स्कूलों में सीएम बाल गोपाल योजना की घोषणा की है। जिसके तहत राजकीय विद्यालयों में नामांकन में वृद्धि और ड्रॉप आउट को रोकने के लिए सप्ताह में दो बार पाउडर से दूध बनाकर दिया जाएगा। हालाकि बजट में सीएम बाल गोपाल योजना की घोषणा हुए ढाई माह से ज्यादा का समय बीत चूका है। लेकिन अभी तक योजना प्रदेश में शुरू नहीं है। इधर शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है की योजना को लेकर विभाग की ओर से तैयारी चल रही है। वही 2 अक्टूबर से योजना के शुभारम्भ किया जा सकता है।

### योजना के तहत 7 करोड़ का बजट आवंटित

डूंगरपुर जिले के प्रारंभिक शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कटारा ने बताया की सीएम बाल गोपाल योजना के तहत राज्य सरकार की ओर से डूंगरपुर जिले को 7 करोड़ का बजट प्राप्त हो गया है। जिसमे योजना के तहत स्कूलों में पाउडर से दूध बनाकर बच्चो को वितरण करने के लिए गिलास सहित अन्य बर्तनों की खरीद की जायेगी। इसके साथ ही दूध पाउडर के भुगतान की राशि भी इसमें शामिल है।

### डूंगरपुर जिले में 2 लाख से अधिक बच्चो को मिलेगा लाभ

डूंगरपुर जिले के प्रारंभिक शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कटारा ने बताया की जिले में स्कूलों की संख्या 2 हजार 239 है। जिसमे कक्षा एक से पांचवी तक स्कूलों की संख्या 1397 है जबकि कक्षा 6 से आठवी तक स्कूलों की संख्या 842 है। वही बच्चो की बात करे तो डूंगरपुर जिले में कक्षा एक से पांचवी तक एक लाख 33 हजार 194 बच्चो का नामांकन है। वही कक्षा 6 से 8 तक नामांकन 88 हजार 90 है। ऐसे में कुल 2 लाख 21 हजार 284 बच्चो को इस योजना का लाभ मिलेगा। वही उन्होंने बताया की सीएम बाल गोपाल योजना में 2 लाख 21 हजार 284 बच्चो के लिए एक लाख 24 हजार किलो दूध पाउडर की डिमांड है। जिसमे कक्षा एक से पांचवी तक के बच्चो को 150 मिलीलीटर और कक्षा 6 से 8 तक के बच्चो को 200 मिलीलीटर पाउडर वाला दूध वितरित किया जाएगा।

## सांप्रदायिक एकता के साथ मनाई जाए गांधी जयंतीः उषा शर्मा

**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस एवं विश्व अहिंसा दिवस को संपूर्ण प्रदेश में सर्वधर्म प्रार्थना सभा के रूप में मनाया जाए और यह दिन सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक बने। उन्होंने कहा कि गांधी जयंती मनाने का हमारा उद्देश्य छात्र- छात्राओं, युवाओं में धर्मनिरपेक्ष भावनाओं को विकसित करना है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक समरसता का पाठ सिखाना हमारा दायित्व है और यही गांधी जयंती मनाने का उद्देश्य भी है। मुख्य सचिव आज गुरूवार को शासन सचिवालय में गांधी जयंती की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। शर्मा ने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब हम आज की पीढ़ी को गांधीवादी विचारों से अवगत करा सकें।

# विधायकों की राय से होगा CM का फैसला :खाचरियावास

**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने CM अशोक गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने और राजस्थान CM पद पर बने रहने के मुद्दे पर कहा- विधायकों की राय से सीएम का फैसला होगा। कांग्रेस आलाकमान सोनिया गांधी, राहुल गांधी और सीनियर लीडर विधायकों और कार्यकर्ताओं की राय से ही फैसला लेते हैं। खाचरियावास ने कहा- हम तो अशोक गहलोत का ही नाम लेंगे। विधानसभा के बाहर मीडिया से बातचीत में खाचरियावास बोले- अब तक दो पदों पर नेता चुने जाते रहे हैं। ऐसे कई उदाहरण देश में हैं। खाचरियावास बोले-मैं खुद एक विधायक, जिलाध्यक्ष और मंत्री हूँ। कांग्रेस पार्टी डेमोक्रेटिक है। हमेशा हमारे आलाकमान सोनिया गांधी, राहुल गांधी और सीनियर लीडर जो भी फैसला करते हैं वो डेमोक्रिटिक होता है। तमाम विधायकों की राय लेकर फैसला किया जाता है। जब सीएम अशोक गहलोत बने, तब भी विधायकों की राय ली गई। समय-समय पर सोनिया गांधी डेमोक्रेसी को महत्व देकर फैसले लेती हैं।



यही कारण है कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कोई भी लड़ सकता है, यह खुला चुनाव है। खाचरियावास बोले- जहां तक दो पदों की बात है, ये टाइम ऐसा चल रहा है। पौने चार साल हो चुके, सवा साल चुनाव को बचा है। जब हम ये कहते हैं गहलोत सरकार की ये योजना, ये योजना। जब हम चुनाव लड़ने जाएंगे, नाम तो अशोक गहलोत का ही लेंगे। सारी योजनाएं अशोक गहलोत की ही हैं। इस वक्त यह चर्चा कहीं नहीं आ रही है कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा? चर्चा सिर्फ ये है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन बनेगा? अध्यक्ष बन जाने दीजिए। क्योंकि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और आलाकमान हमेशा डेमोक्रेटिक सिस्टम में विधायकों और कार्यकर्ताओं की राय को महत्व देता है। खाचरियावास बोले- राजस्थान की गहलोत सरकार मोदी सरकार की आंख की किरकिरी है। जैसा उन्होंने महाराष्ट्र में किया, वैसे राजस्थान में करना चाहते हैं। राजस्थान मे भाजपा बार-बार कोशिश करती है। भाजपा वाले डायलॉग देते हैं।